आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 19.02.2026
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- नई दिल्ली में आज इंडिया ए०आई इम्पैक्ट समिट 2026 का औपचारिक उद्घाटन; प्रधानमंत्री ने नैतिक और समावेशी ए.आई के लिये मानव विज़न का अनवारण किया।
- जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार पहल से राज्य में पिछले दो माह में पांच लाख से अधिक नागरिकों को विभिन्न सेवाओं का लाभ अपने क्षेत्रों में मिला।
- विकासनगर के लांघा क्षेत्र में किसानों के लिए 16 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से बनी स्प्रिंकलर आधारित लिफ्ट सिंचाई योजना का लोकार्पण किया गया।
- होली पर्व के मद्देनज़र खाद्य सुरक्षा विभाग ने बागेश्वर जिले के शहरी क्षेत्र में खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच के लिये सघन निरीक्षण अभियान चलाया।

**एआई समिट**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस–एआई के लोकतंत्रीकरण पर बल देते हुए कहा कि इसे विशेष रूप से ग्लोबल साउथ के लिए समावेशन और सशक्तिकरण का साधन बनना चाहिए। आज नई दिल्ली में भारत मंडपम में इंडिया एआई इंपैक्ट समित 2026 का उद्घाटन करते हुए श्री मोदी ने ये बात कही।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से मानव इतिहास में क्रांतिकारी अध्याय जुड़ रहा है। श्री मोदी ने एआई के लिए मानव विजन की रूपरेखा प्रस्तुत की जिसका अर्थ है– नैतिक और सैद्धांतिक प्रणाली, जवाबदेही शासन, राष्ट्रीय संप्रभुता सुलभ और समावेशी वैध और न्याय संगत।

**जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में चलाया जा रहा "जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार" कार्यक्रम प्रदेश भर में व्यापक स्तर पर संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत सरकार विभिन्न स्थानों पर शिविरों का आयोजन कर आम जन की समस्याओं का समाधान और योजनाओं का लाभ सीधे उपलब्ध करा रही है। एक रिपोर्ट–

**मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि इस अभियान का उद्देश्य लोगों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत देना है और उनकी समस्याओं का समाधान उनके क्षेत्र में ही करना है।**

**बाइट– मुख्यमंत्री पुश्कर सिंह धामी, 27 सेकेण्ड**

**गौरतलब है कि अब तक प्रदेश के सभी 13 जिलों में कुल 661 कैंप आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें 5 लाख 20 हजार 49 नागरिकों ने भाग लेकर विभिन्न सेवाओं और योजनाओं का लाभ लिया है। िाविरों के दौरान अब तक 50 हजार से अधिक शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 33 हजार से ज्यादा शिकायतों का निस्तारण किया जा चुका है। इसके अलावा विभिन्न प्रमाण पत्रों के लिए 71 हजार 448 आवेदन प्राप्त हुए हैं और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत 2 लाख 89 हजार से अधिक नागरिकों को लाभ प्रदान किया गया है।**

**आकाावाणी देहरादून के लिये समाचार कक्ष से रविन्द्र सिंह**

## नयार महोत्सव

पौड़ी जिले में पर्यटन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित होने वाला तीन दिवसीय नयार महोत्सव इस बार खास आकर्षण का केंद्र बनने जा रहा है। महोत्सव को सफल और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। यह महोत्सव 26 से 28 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा।
ज़िलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने बताया कि नयार महोत्सव के दौरान विभिन्न साहसिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही आम जन के लिए भी विभिन्न खेल गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, ताकि अधिक से अधिक लोग इस महोत्सव से जुड़ सकें और इसका आनंद उठा सकें।

## लोकार्पण

विकासनगर के लांघा क्षेत्र में किसानों के लिए स्प्रिंकलर आधारित लिफ्ट सिंचाई योजना का लोकार्पण किया गया। विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने लगभग 16 करोड़ 12 लाख रुपये की लागत से तैयार इस योजना का उद्‌घाटन करते हुए इसे क्षेत्र के किसानों के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह योजना स्प्रिंकलर और ड्रिप तकनीक पर आधारित है, जिसके माध्यम से टैंकों से पाइपलाइन द्वारा सीधे खेतों तक सिंचाई का पानी पहुंचाया जाएगा।
इस योजना से पपड़ियन, तौली भूड़, लांघा और पास्टा सहित आसपास के गांवों के किसानों को लाभ मिलेगा और लगभग आठ किलोमीटर क्षेत्र के खेतों तक सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी।

## निरीक्षण अभियान

होली पर्व को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग ने बागेश्वर जिले के शहरी क्षेत्र में खाद्य प्रतिष्ठानों पर सघन निरीक्षण अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने बाहरी ज़िलो से खाद्य सामग्री मंगाकर स्थानीय विक्रेताओं को आपूर्ति करने वाले डिस्ट्रीब्यूटर और सप्लायर प्रतिष्ठानों की जांच की।
खाद्य सुरक्षा अधिकारी विपिन कुमार ने बताया कि निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग ने पनीर, एनालॉग क्रीम, फैट स्प्रेड और मिठाई मिक्स सहित चार खाद्य पदार्थों के नमूने लिए। सभी नमूनों को जांच के लिए खाद्य एवं औषधि विश्लेषक प्रयोगशाला रुद्रपुर भेजा गया है।
विभाग ने स्पष्ट किया है कि होली के दौरान मिलावटी और गुणवत्ताहीन खाद्य पदार्थों की रोकथाम के लिए यह अभियान जारी रहेगा।

## पहल

राजकीय दून मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय में मरीजों को बेहतर और किफायती जांच सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में एक नई पहल शुरू की गई है। अस्पताल में स्वास्थ्य पैकेज सेवाओं के लिए अलग समर्पित काउंटर स्थापित किया जा रहा है, जहां जांच से जुड़ी सभी प्रक्रियाएं एक ही स्थान पर पूरी की जा सकेंगी। इस व्यवस्था का उद्देश्य मरीजों को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध स्वास्थ्य जांच सुविधा उपलब्ध कराना है।
**राजकीय दून मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय में हेल्थ पैकेज सेवाओं के लिए अलग समर्पित हेल्थ पैकेज काउंटर स्थापित किया जा रहा है। इस काउंटर पर हेल्थ चेकअप कराने वाले नागरिकों को पंजीकरण, बिलिंग, सैंपल कलेक्शन और रिपोर्ट प्राप्त करने की सभी सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी।**
**निदेशक डॉ. अजय आर्य और प्राचार्या डॉ. गीता जैन ने अस्पताल परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि मरीजों को अनावश्यक प्रतीक्षा से बचाने के लिए सभी प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित और समयबद्ध बनाया जाए। प्राचार्या ने बताया कि हेल्थ पैकेज काउंटर पर सिंगल फ्लो सर्विस सिस्टम लागू किया जाएगा और अस्तपाल परिसर में जन औषधि काउंटर को भी विकसित किया जा रहा है, ताकि मरीजों को जांच के बाद आवश्यक दवाएं आसानी से मिल सकें।**

अस्पताल प्रशासन ने विभिन्न आयु वर्ग और जरूरत के अनुसार कई हेल्थ पैकेज निर्धारित किए हैं, जिनमें विभिन्न बीमारियों से संबंधित आवश्यक जांच सुविधाएं शामिल हैं।